जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता (जिला–नागौर)

email id – dc-nag-rj@nic.in Tel. No. 01590-221760

विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना 03/2023–24

जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता जिला नागौर के नव सृजित अधीनस्थ न्यायालय के लिए Wooden and Steel Furniture उपापन किये जाने के लिए राजस्थान के पंजीकृत सूक्ष्म और लघु,उद्योगों से, जो बोली में वर्णित विषय वस्तु के लिए उद्योग विभाग व वस्तु एवं सेवा कर में पंजीकृत है, मुहरबंद बोली (तकनीकी– वाणिज्यिक एवं वित्तीय) निम्नानुसार से आमंत्रित की जाती है।

मुहरबंद बोली प्रपत्र दिनांक 8/12/23 से 20/12/23 अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। तकनीकी–वाणिज्यिक बोली दिनांक 20/12/23 को अपराहन 4.00 बजे खोली जायेगी। इच्छुक बोलीदाता कार्यालय आकर फर्नीचर के स्पेसिफिकेशन (डिजाइन, किस्म, रंग, साइज आदि) के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है। बोली पूर्णतया राजस्थान के पंजीकृत सूक्ष्म और लघु , उद्योगों के लिए आरक्षित है।

NIB no.	नव सृजित न्यायालय का नाम	अनुमानित राशि रू. (लाखों में)	बोली प्रपत्र शुल्क रू	बोली प्रतिभूति राशि रू.
01/23-24	CJ & JM, KHIWANSAR (NAGAUR)	300000/–	200/–	2 प्रतिशत 6000/– व नियम 42 अनुसार विशिष्ठ व्यापारियों हेतु 0.5 प्रतिशत

1. बोली आमंत्रण सूचना, विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://spppp.rajasthan.gov.in** और **districts.ecourts.gov.in** पर देखी जा सकती है। बोली निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी।
2. बोली द्वि–प्रक्रमी बोली के रूप में आमंत्रित की गई है। बोली दाता की तकनीकी क्षमता हेतु तकनीकी योग्यताओं एवं शर्तों की सूची तकनीकी बोली लिफाफा में रखी जावे तथा वित्तीय बोली वित्तीय लिफाफा में रखी जावे।
3. वित्तीय बोली निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जायेगी। वित्तीय बाली के साथ कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किया जावेगा।
4. बोली से संबंधित नियम, शर्त एवं बिड प्रपत्र किसी भी कार्यालय दिवस में जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता के यहाँ उपरोक्तानुसार बोली प्रपत्र शुल्क निर्धारित दिवस एवं समय तक जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है या राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है। डाउन लोड किये गये बोली प्रपत्र का मूल्य रू 200/– बोलीदाता द्वारा पृथक से डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता के पक्ष में बनाकर बोली के साथ संलग्न करना होगा। मुहरबंद बोली निर्धारित दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत की जा सकेगी तत्पश्चात् बोली स्वीकार नहीं का जायेगी। प्राप्त बोली निर्धारित दिनांक एवं समय को अपर जिला एवं सेशन न्यायालय के कक्ष में उपस्थित बोलीदाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
5. बोली प्रतिभूति एवं बोली प्रपत्र शुल्क राशि का डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता के पक्ष में बनाना होगा तथा तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत करना होगा। बोली प्रपत्र शुल्क अप्रतिदाय (Non-Refunded) होगा। बोली प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोली पर कोई विचार नही किया जावेगा।
6. किसी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
7. बोली प्रपत्र में अंकित शर्तों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की कोई शर्त अंकित न की जाये। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जावेगी।
8. तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में क्वालिफाईड/सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी।

Vidya Nand Shukla
अध्यक्ष (क्रय समिति)
जिला एवं सेशन न्यायालय
मेड़ता, जिला – नागौर

क्रमांक : लेखा/2023–2024/670-672 दिनांक : 7-12-23

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. नोटिस बोर्ड, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, मेड़ता जिला – नागौर
2. सिस्टम ऑफिसर, कार्यालय हाजा को विभाग की वेबसाईट तथा http://SPP.rajasthan.gov.in पर अपलोड़ करने हेतु।
3. समस्त अधिनस्थ न्यायालय मेड़ता न्यायाक्षेत्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

Vidya Nand Shukla
अध्यक्ष (क्रय समिति)
जिला एवं सेशन न्यायालय
मेड़ता, जिला – नागौर